देश के प्रधानमंत्री ने 2022 तक सभी को मकान दिलाने का जो सपना देखा है उसे पुरा करने के लिए नगर निगम भिलाई प्रयासरत् है। आवास ऋण मेला में मकान बनाने के लिए ऋण उपलब्ध कराने की जानकारी के साथ योजना की सम्पूर्ण जानकारी दी जा रही है जिसका लाभ नागरिकों को उठाना चाहिए।

उक्त उद्गार वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विद्यारतन भसीन ने आवास ऋण मेला का दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ करते हुए व्यक्त किया। उन्होने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ्य भिलाई के लिए आवश्यक है कि मकान भी सुन्दर और सुव्यवस्थित हो जिसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत् सरकार सबको आवास उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। पट्टाधारी अपने जमीन पर सरकार द्वारा निर्धारित नक्शे के तहत् मकान का निर्माण कर सकता है। जिसके लिए चयनित हितग्राही को किश्तों में राशि उपलब्ध कराई जा रही है। हर वर्ग को लाभ हो इसलिए सरकार ने मकान निर्माण के लिए चार प्रकार की योजनाओं को लागु किया है। आवास मेला में उपस्थित होकर नागरिक पात्रता के आधार पर योजना का लाभ उठा सकतें हैं।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मोर जमीन मोर मकान के तहत् जिन हितग्राहियों को शासन द्वारा वर्ष 1992, 94, 2003 में आवास का पट्टा प्रदान किया गया है ऐसे हितग्राही अपनी पट्टा की जमीन पर ऋण प्राप्त कर मकान का निर्माण कर सकता है पुराने मकान को तोड़ते ही किश्त की प्रथम राशि प्रदान की जायेगी एवं जैसे-जैसे मकान स्वरुप लेगा राशि का भुगतान किया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् इंटरनेशनल कालोनी आम्रपाली के रिक्त भूमि पर आवास का निर्माण किया जा रहा है प्रथम चरण में 444 मकान का निर्माण प्रस्तावित है , जिसका आबंटन सर्वे में पात्र पाये गये हितग्राहियों को किया जाना है। निगम द्वारा कराये गये सर्वे में 65 हजार हितग्राहियों को आवास के विभिन्न योजना के लिए चयनित किये गये थे जिसका सत्यापन पश्चात् 49 हजार हितग्राही पात्रता की श्रेणी में पाये गये है। प्रधानमंत्री ने 2022 तक सबको आवास के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है परन्तु हमारा प्रयास होगा कि एक से डेढ़ वर्ष में भिलाई के पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान मिलें।

वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन में लगाये गये आवास ऋण मेला का शुभारम्भ विधायक विद्यारतन भसीन , आयुक्त के0एल0 चौहान, पार्षद भोजराज सिन्हा ने भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। मेला स्थल पर दुर्ग जिले के अग्रणी बैंक देना बैंक के प्रबंधक के 0एल0 पाणीग्रही, सहित सभी 13 बैंको के प्रतिनिधि उपस्थित थे। विधायक ने सभी बैंको के काउंटर पर जाकर उनसे ऋण प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त किये। लगभग 200 लोगों ने अपने आवास निर्माण के लिए ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्त किये हैं।

इस अवसर पर राजस्व अधिकारी एच 0के0 चन्द्रकार, योजना के प्रभारी एस0पी0 साहू, जोन 02 के आयुक्त आर 0के0 पदमवार, संजय अग्रवाल , बी0के0 सिंह, जयंत शर्मा, विनोद चन्द्राकर , अजय शुक्ला , शरद दुबे ,रामायण सिंह सहित जोन 02 के अधिकारी, कर्मचारी व नागरिकगण उपस्थित थे।